THIRD TERM SAMPLE PRACTICE PAPER
HINDI

Time: 2Hr **STD VII** **Score : 25**

सामान्य निर्देश:

गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।

2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें ।

गतिविधि-1

सूचना : खंड़ पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

अरुण और वरुण जंगल से गुज़र रहे थे ।अचानक एक भालू आ गया । अरुण तुरंत पेड़ पर चढ़ गया । वरुण ने ज़मीन पर लेटकर साँस रोक ली । भालू ने उसे सूँघा और चला गया । पेड़ से उतरकर अरुण ने पूछा - "भालू ने तुम्हारे कान में क्या कहा ?" वरुण ने जवाब दिया- "सच्चा दोस्त कभी अकेला न छोड़ता । "

क) अरुण और वरुण कहाँ से गुज़र रहे थे ?

(शहर से, गाँव से, जंगल से, घर से)

ख) अचानक कौन आ गया ?

(शेर, भालू, बाघ, बंदर)

ग) भालू को देखकर किसने पेड़ पर चढ़ गया ?

(वरुण, तरुण, अरुण, करुण)

घ) भालू को देखकर वरुण ने क्या किया ?

(पेड़ पर चढ़ा, ज़मीन पर लेटा , घर चला, छिप गया)

ङ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

- सच्चा दोस्त अकेला छोड़ता है ।
- सच्चा दोस्त अकेला न छोड़ता है ।
- सच्चा दोस्त रूढ़ता है।
- सच्चा दोस्त धोखा देता है ।

गतिविधि - 2

सूचना : पढ़ें, उत्तर लिखें ।

जी यू पी एस परवूर
26 फरवरी 2025
जन्नत के बच्चे
उद्घाटक : पंचायत अध्यक्ष
सुबह 10 बजे
सिनेमा प्रदर्शनी

क)"जन्नत के बच्चे" सिनेमा प्रदर्शनी का उद्घाटन कौन करेगा ?

ख) सूचनाओं के आधार पर सिनेमा प्रदर्शनी का उद्घाटन संबंधी उद्घोषणा तैयार करें ।

गतिविधि - 3

सूचना : कवितांश पढ़ें, उत्तर लिखें ।

नए वर्ष में नई फ़सल के
ढेर अन्न का लग जाता है ।
यह धरती है उस किसान की ।
नहीं राव की, नहीं रंक की,
नहीं किसीकी, नहीं किसीकी
धरती है केवल किसान की ।

क) 'राजा' के लिए समान अर्थवाले शब्द कविता से चुनकर लिखें ।

ख) कवितांश का आशय लिखें ।

गतिविधि - 4

सूचना : खंड़ पढ़ें, उत्तर लिखें ।

निम्मी का कल बर्थडे था । विनोद अंकल का दिया बर्थडे कार्ड बहुत सुंदर था । उस पर लिखा था, *"तुम जियो हज़ारों साल,साल के दिन हों पचास हज़ार ... "*
" हैं . . . ये कैसी कविता हुई ? " वह नाना के पास दौड़ी ।

क) बर्थडे किसका था ?

ख) तालिका की सहायता से निम्मी और नानाजी के बीच के वार्तालाप की पूर्ति करें ।

निम्मी : नानाजी, यह कार्ड देखिए ।

नानाजी : हाँ, दिखाओ बेटी ।

निम्मी :

नानाजी :

निम्मी :

नानाजी :

- दुआ ! मतलब ?
- इन पंक्तियों का क्या अर्थ है ? कोई इतने साल जीता है?
- मतलब है, हम ऐसा काम करें कि दुनिया हमेशा याद रखें ।
- नहीं बेटी, यह एक दुआ है ?

गतिविधि - 5

सूचना : खंड़ पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

धरती में प्रेम सबसे ताकतवर मूल्य है । यही इनसान के भीतर समर्पण ला सकता है। और यही अतिरिक्त पाने के लालच, उसके लिए एक-दूसरे पर हमले, एक-दूसरे पर अविश्वास और हिंसा सबको खत्म कर सकता है । इस धरती को प्रेम के सिवा और कुछ नहीं बचा सकता ।

क) 'मानव ' के लिए गद्य खंड़ में दिए शब्द कौन-सा है?

ख) 'प्रेम के सिवा और कुछ नहीं' इस प्रस्ताव पर लघु लेख तैयार करें ।

गतिविधि - 6

सूचना : चित्र देखें ।



क) उचित वाक्य चुनकर लिखें ।

- हथिनी छोटे बच्चे को पीछे से धकेलकर डिवाइडर पार करने की सहायता करती है।
- हथिनी दो बच्चों के साथ सड़क पार कर रहा है।
- हथिनी अपने बच्चों के साथ जंगल जाती है।
- हथिनी और बड़ा बच्चा डिवाइडर पार करके जाता है।

ख) चित्र देखें, सूचनापट के लिए वाक्य तैयार करें ।

मूल्यांकन सूचक (Scoring Indicators)

गतिविधि	उत्तर सूची	स्कोर	कुल
गतिविधि 1	**खंड़ पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** · पाँच सही उत्तर लिखा है । · चार सही उत्तर लिखा है । · तीन सही उत्तर लिखा है। · दो सही उत्तर लिखा है। · एक सही उत्तर लिखा है।	 5 4 3 2 1	5
गतिविधि 2	**पढ़ें, उत्तर लिखें ।** **क)** सही उत्तर लिखा है । **ख)** संबोधन के साथ विषय की सूचना देते हुए संक्षिप्तता के साथ उद्घोषणा तैयार की है। · संबोधन के साथ विषय की सूचना देते हुए उद्घोषणा तैयार की है। · विषय की सूचना देते हुए उद्घोषणा तैयार की है। · उद्घोषणा तैयार करने का प्रयास किया है।	 1 4 3 2 1	5
गतिविधि 3	**कवितांश पढ़ें , उत्तर लिखें ।** **क)** सही उत्तर लिखा है। **ख)** कवि और कविता का परिचय के साथ अपना मत प्रकट करते हुए आशय लिखा है । · अपना मत प्रकट करते हुए आशय लिखा है । · कवि और कविता का परिचय देते हुए आंशिक रूप से आशय लिखा है। · आशय लिखने का प्रयास किया है।	 1 4 3 2 1	5

गतिविधि 4	**खंड़ पढ़ें , उत्तर लिखें ।** **क)** सही उत्तर लिखा है। **ख)** वार्तालाप के प्रसंगानुसार चार वाक्य लिखा है। · तीन वाक्य लिखा है। · दो वाक्य लिखा है। · एक वाक्य लिखा है।	1 4 3 2 1	5
गतिविधि 5	**खंड़ पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **क)** सही उत्तर लिखा है। **ख)** शीर्षक देकर विषय के अनुसार संक्षिप्तता के साथ लेख तैयार किया है। · विषय के अनुसार संक्षिप्तता के साथ लेख तैयार किया है। · आंशिक रूप से लेख तैयार किया है। · लिखने का प्रयास किया है।	1 4 3 2 1	5
गतिविधि 6	**क)**उचित वाक्य चुनकर लिखें । · चित्र के अनुसार चार वाक्य लिखा है । · तीन वाक्य लिखा है। · दो वाक्य लिखा है। · एक वाक्य लिखा है। **ख)** चित्र के आधार पर सूचनापट के लिए वाक्य लिखा है।	4 3 2 1 1	5